रजिस्टर्ड नं०-ए० डी०-4
लाइसेन्स सं०-डब्ल्यू०पी०-41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

# सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

इलाहाबाद, शनिवार, 7 जून, 2014 ई० (ज्येष्ठ 17, 1936 शक संवत्)

भाग 3

स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, खण्ड-क–नगरपालिका परिषद्, खण्ड-ख–नगर पंचायत, खण्ड-ग-निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा खण्ड-घ–जिला पंचायत।

### खण्ड-घ–जिला पंचायत

01 फरवरी, 2014 ई०

सं0 2810/एल0बी0ए0/उपविधि/2014–उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 239(2) तहत जिला पंचायत, श्रावस्ती द्वारा जनपद श्रावस्ती के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित दुकानों को नियन्त्रित करने हेतु जिला पंचायत श्रावस्ती ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्न नई उपविधि निर्मित की है। उक्त अधिनियम की धारा 242 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपविधि के प्रस्ताव की पुष्टि की जाती है, जो राजकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी।

1–यह उपिधियाँ जिला पंचायत, श्रावस्ती के व्यवसाय की उपविधियाँ कहलायेंगी।

2–यह उपविधियाँ गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगी।

3–यह उपविधियाँ जिला श्रावस्ती के समस्त ग्रामीण क्षेत्र पर लागू होंगी।

4–ग्रामीण क्षेत्र का तात्पर्य उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम 1961 में दी गयी परिभाषाओं के अनुसार होगा।

5–कोई व्यक्ति जिला पंचायत, श्रावस्ती के क्षेत्र में बिना जिला पंचायत श्रावस्ती का लाइसेन्स प्राप्त किए किसी भी प्रकार का व्यवसाय/दुकानात नहीं करेगा।

6–अपर मुख्य अधिकारी, लाइसेन्स अधिकारी होंगे।

7–प्रत्येक लाइसेन्स की समय सीमा एक वर्ष (01 अप्रैल से 31 मार्च) तक होगा।

8–अपर मुख्य अधिकरी, जिला पंचायत, श्रावस्ती को अधिकार होगा कि वह किसी भी कारण के दृष्टिगत किसी भी लाइसेन्स को निरस्त कर सकते हैं।

9–लाइसेन्स का नवीनीकरण प्रत्येक दशा में 30 अप्रैल तक करना होगा। 30 अप्रैल के बाद लाइसेन्स का नवीनीकरण कराने पर रु0 15 विलम्ब शुल्क प्रतिमाह की दर से देय होगा तथा समस्त प्रकार की फैक्ट्रियों पर अप्रैल के बाद 01 मई से रु0 100 विलम्ब शुल्क देय होगा एवं पॉलीशर पर रु0 50 विलम्ब शुल्क देय होगा।

10–कोई भी व्यवसाय करने से 15 दिन पहले जिला पंचायत से लाइसेन्स बनवाना अनिवार्य होगा।

11–संक्रामक बिमारी से ग्रसित व्यक्ति खाद्य पदार्थ की दुकानात/व्यवसाय नहीं करेगा।

12–खाद्य पदार्थों को ढक कर रखा जायेगा जिससे कि धूल के कण एवं हानिकारक जीव न बैठने पायें।

13–लाइसेन्स शुलक की उगाही जिला पंचायत के कर्मचारियों द्वारा या ठेकेदारी द्वारा की जायेगी।

सत्यापित प्रति
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत श्रावस्ती

14–ठेके की स्वीकृति जिला पंचायत के अध्यक्ष के द्वारा दी जायेगी।

15–लाइसेन्सधारी द्वारा उपविधियों की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर अपर मुख्य अधिकारी द्वारा लाइसेन्स को स्थगित या निरस्त किया जा सकता है। अपील करने पर अध्यक्ष जिला पंचायत का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

16–लाइसेन्स का प्रार्थना-पत्र अपर मुख्य अधिकारी को दिया जायेगा :

## लाइसेन्स शुल्क

| क्र0सं0 | व्यवसाय का नाम/प्रकृति | लाइसेन्स शुल्क की दर |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | | रु0 |
| 1 | कपड़े की दुकान | 250 |
| 2 | कपड़े की फेरी दुकान | 75 |
| 3 | परचून की दुकान | 125 |
| 4 | कपड़ा, परचून आदि की सम्मिलित दुकान | 150 |
| 5 | गल्ले किराने की बड़ी दुकान जिसमें गल्ला 01 कुन्तल से अधिक हो | 250 |
| 6 | सोने, चाँदी के आभूषण बनाने की दुकान | 250 |
| 7 | सोने, चाँदी की बड़ी दुकान | 500 |
| 8 | मेडिकल स्टोर | 250 |
| 9 | मेडिकल प्रैक्टिशनर/हास्पिटल | 250 |
| 10 | प्रत्येक होटल, मिठाई की दुकान | 150 |
| 11 | लोहे की दुकान | 250 |
| 12 | चाय, पान की सम्मिलित दुकान | 100 |
| 13 | घी डाल्डा व तेल की दुकान | 250 |
| 14 | गल्ले या किराने की फुटकर दुकान | 175 |
| 15 | जनरल स्टोर या बिसातखाने की दुकान/रेडीमेड | 150 |
| 16 | बिसातखाने, फेरी की दुकान | 50 |
| 17 | ईंधन, जलाने वाले कोयले की दुकान | 150 |
| 18 | जूता, चप्पल बनाने की दुकान | 100 |
| 19 | जूता, चप्पल बेचने की दुकान | 150 |
| 20 | बिना आरा मशीन के लकड़ी की दुकान | 175 |
| 21 | फर्नीचर बनाने का कारखाना | 250 |
| 22 | फल की दुकान | 100 |
| 23 | सब्जी की स्थायी दुकान | 75 |
| 24 | सब्जी की फुटकर फेरी की दुकान | 50 |
| 25 | इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान | 175 |
| 26 | घड़ी, रेडियो, टेपरिकार्डर, टी0बी0, मरम्मत की दुकान | 100 |
| 27 | घड़ी, रेडियो या बिजली के सामान बेचने की दुकान | 250 |

सत्यापित प्रति

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत श्रावस्ती

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| | | रु० |
| 28 | चूड़ी बेचने की दुकान | 100 |
| 29 | स्टेशनरी की दुकान | 150 |
| 30 | आटो स्पेयर की दुकान | 250 |
| 31 | साइकिल या उसके पार्ट्स बेचने की दुकान | 250 |
| 32 | मोटर, ट्रक, बस, जीप, कार आदि के मरम्मत की दुकान | 250 |
| 33 | मोटर साइकिल आदि के मरम्मत की दुकान | 100 |
| 34 | ट्रैक्टर मरम्मत की दुकान | 250 |
| 35 | पम्प या डायनमों की दुकान | 100 |
| 36 | टायर, ट्यूब मरम्मत की दुकान | 100 |
| 37 | इंजीनियर वर्कशाप | 250 |
| 38 | कबाड़ी की दुकान | 150 |
| 39 | रासायनिक खाद की दुकान | 250 |
| 40 | कृषि बीज एवं कृषि दवाइयों की दुकान | 250 |
| 41 | बर्तन की दुकान | 175 |
| 42 | बर्तन फेरी की दुकान | 125 |
| 43 | सीमेन्ट/सरिया की दुकान | 250 |
| 44 | सीमेन्ट के समान जैसे नाद, पाइप, जाली बनाने या बेचने की दुकान | 175 |
| 45 | मोरम, बालू एवं चूना बेचने की दुकान | 250 |
| 46 | टिम्बर व लोहे के बक्से की दुकान | 250 |
| 47 | गल्ले की आढ़त | 500 |
| 48 | लोहे की अलमारी, ट्राली, थ्रेसर आदि बनाने का व्यवसाय | 375 |
| 49 | गैस एजेन्सी/कुकिंग | 1,000 |
| 50 | पॉवर लूम | 250 |
| 51 | डीजल, मोबिल की फुटकर दुकान | 250 |
| 52 | कपड़ा, सिलाई की दुकान | 100 |
| 53 | नल/बोरिंग की दुकान | 250 |
| 54 | बैट्री मरम्मत एवं बेचने की दुकान | 250 |
| 55 | पम्पिंग सेट, किसी प्रकार के इंजन की दुकान | 500 |
| 56 | वार्निश पेण्ट आदि बेचने की दुकान | 250 |
| 57 | मिट्टी तेल की दुकान | 250 |
| 58 | सरकारी सस्ता गल्ला व मिट्टी तेल की दुकान | 250 |
| 59 | शराब बिक्री की दुकान | 1,000 |
| 60 | टेन्ट हाउस की दुकान | 250 |

सत्यापित प्रति

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत श्रावस्ती

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| | | रु0 |
| 61 | लाण्ड्री | 125 |
| 62 | हेयर शैलून की स्थाई दुकान | 100 |
| 63 | वीडियोग्राफी एवं फोटो खींचने की दुकान | 125 |
| 64 | पेया पदार्थ जेसे लस्सी शर्बत आदि की दुकान | 100 |
| 65 | बिस्कुट, ब्रेड आदि बेचने की दुकान | 100 |
| 66 | वस्त्र रंगाई/छपाई की दुकान | 150 |
| 67 | डेन्टिंग व पेन्टिंग की दुकान | 150 |
| 68 | प्रिटिंग प्रेस | 250 |
| 69 | लोहे, गिलट या विस्कुट के आभूषणों आदि की दुकान | 125 |
| 70 | रस्सी या रूंई की दुकान | 150 |
| 71 | बास, बल्ली लट्ठा के बिक्रय/क्रय की दुकान | 175 |
| 72 | अण्डे बेचने की दुकान | 125 |
| 73 | बेल्डिंग की दुकान | 250 |
| 74 | खोया उत्पादक | 175 |
| 75 | क्राकरी की दुकान | 100 |
| 76 | खोया दूध विक्रेता/डेरी की दुकान | 250 |
| 77 | आतिशबाजी बनाने या बेचने की दुकान | 175 |
| 78 | तम्बाकू व्यवसाय की दुकान | 250 |
| 79 | सिनेमा हाल स्थाई | 2500 |
| 80 | सिनेमा हाल अस्थाई | 1250 |
| 81 | चारा काटने के मशीन की दुकान आदि | 500 |
| 82 | पेट्रोल पम्प | 2500 |
| 83 | केरोसिन आयल/आयल डिपो | 1000 |
| 84 | आटा चक्की | 100 |
| 85 | स्पेलर | 100 |
| 86 | पॉलेसर | 500 |
| 87 | कोल्हू बड़ा 6 वोल्ट/8 वोल्ट | 250 |
| 88 | होटल/लॉज | 1500 |
| 89 | राइस मिल | 2500 |
| 90 | चीनी मिल | 5000 |
| 91 | ह्यूम पाइप फैक्ट्री | 1500 |
| 92 | दूध से क्रीम निकालने वाली मशीन | 1000 |
| 93 | मेन्था ऑयल पिपरमेन्ट टंकी | 250 |

सत्यापित प्रति

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत श्रावस्ती

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| | | रु0 |
| 94 | आर0सी0सी0 ईंट उद्योग | 1500 |
| 95 | ट्रेक्टर एजेन्सी | 2500 |
| 96 | ट्रेक्टर डीलर | 1250 |
| 97 | टू व्हीलर एजेन्सी | 1500 |
| 98 | टू व्हीलर डीलर | 1000 |
| 99 | मोबाइल मरम्मत/बिक्रेता की दुकान | 250 |
| 100 | गोस्त बिक्रेता (बकरा. बकरी, मुर्गा, मछली) की दुकान | 250 |
| 101 | बेकरी | 250 |
| 102 | पोल्ट्री फार्म | 500 |
| 103 | आईस फैक्ट्री | 500 |
| 104 | कोल्ड स्टोर | 2500 |
| 105 | मिनी लकडी चीरने की मशीन | 500 |
| 106 | आरा मशीन | 1000 |
| 107 | दाल दरने की मशीन | 500 |
| 108 | गन्ना कोल्हू/क्रेशर | 500 |
| 109 | आईस मिनी प्लान्ट | 500 |
| 110 | कगज गत्ता बनाने का कारखाना | 500 |
| 111 | बोन मिल्स/हड्डी चूरा से खाद बनाने की फ़ैक्ट्री | 2500 |
| 112 | मिनी राइस मिल | 1000 |
| 113 | धर्म कांटा तौल केन्द्र | 500 |
| 114 | सर्कस अस्थाई | 1250 |
| 115 | मिनरल वाटर प्लांट | 1000 |
| 116 | छोटे अन्य व्यवसाय | 150 |
| 117 | अन्य फैक्ट्री | 1250 |

## दण्ड

उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 संशोधित अधिनियम, 1994 की धारा 240 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह आदेशि दिया जाता है कि उपविधि का उल्लंघन करने वाला अर्थदण्ड का भागी होगा, जो रु0 1000.00 तक हो सकता है एवं यदि यह उल्लंघन करना जारी रहे तो अतिरिक्त दण्ड से दण्डित होगा जो क्रमशः दोष सिद्ध के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में दोष सिद्ध हो जाये कि वह अपराध करता रहा है, रु0 550.00 प्रतिदिन होगा अथवा यह अर्थदण्ड का भुगतान न किये जाने की स्थिति में तीन माह तक के कारावास का दण्ड दिया जा सकेगा।

सत्यापित प्रति

डा0 अशोक कुमार वर्मा,
आयुक्त,
देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत श्रावस्ती